E-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–37/2023..........................**

## आदेश

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–5335 दिनांक–30.06.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री सुधीर कुमार प्रसाद, (Emp. ID No.- AEN04584), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा द्वारा "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

अपीलार्थी श्री सुधीर कुमार प्रसाद के अपील की सुनवाई हेतु दिनांक–01.03.2024 को 04:00 बजे अपराह्न का समय निर्धारित की गई, जिसकी सूचना अपीलार्थी को ई–मेल के द्वारा प्रेषित की गयी है। निर्धारित तिथि एवं समय पर वाद की सुनवाई की गयी।

उभयपक्ष उपस्थित।

अपील अभ्यावेदन पर निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की ओर से मंतव्य दाखिल किया गया है। उभय पक्षों को सुनकर अपील आदेश पर रखा गया।

अपीलार्थी द्वारा दाखिल अपील में निदेशालय का मंतव्य, अभिलेखों एवं साक्ष्यों के अवलौकन से स्पष्ट होता है कि अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा के पत्रांक–300 दिनांक– 21.04.2023 के द्वारा श्री प्रसाद के विरूद्ध सर्वेक्षण कार्य में अभिरूचि नहीं लेने तथा बार–बार निदेश के बावजूद भी विशेष सर्वेक्षण कार्य को प्रभावित करने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए इनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है। प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक–4093 दिनांक–02.05.2023 के द्वारा अपीलार्थी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। अपीलार्थी द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। समर्पित स्पष्टीकरण में इनके द्वारा स्वयं के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा शिविर कार्यालय से अभिलेख के चोरी हो जाने की बात अंकित की गयी है, परन्तु इसके समर्थन में कोई चिकित्सीय प्रमाण पत्र संलग्न नही किया गया है। कार्य के विलंब के संबंध में बताया गया है कि मौजा बड़ा होने के साथ–साथ कुछ दस्तावेज मिलने में विलंब होने के कारण को प्रतिवेदित किये गये है।

वर्ष–2021 से शिविर कार्यालय में पदस्थापन के बावजूद मौजा–सुखासन, थाना नं0–28 का मात्र एक वर्ष में किस्तवार कार्य संपन्न करने तथा उक्त मौजा का 100 से भी कम याद्दाश्त का कार्य 6 माह में किये जाने जो इनके कार्य के विलंब को प्रदर्शित करता है। संविदा कर्मियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने तथा आरोप से बचने की बहानेबाजी के आरोप में इनकी सेवा समाप्त की गयी है।

अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील अभ्यावेदन में अंकित तथ्यों एवं रक्षित अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अपीलार्थी की दुर्घटना सितंबर, 2021 में हुई है तथा शिविर में चोरी की घटना जनवरी, 2023 की है। इस बीच लगभग 15 माह की अवधी में इन्हें आवंटित मौजा सुखासन, थाना नं0–28 का किश्तवार/खानापुरी का कार्य सम्पन्न नहीं किया जा सका है, जो इनके शिथिलता तथा बार–बार स्पष्टीकरण के वाबजूद कार्य प्रणाली में सुधार नहीं किया जाना इनकी लापरवाही एवं कार्य में प्रति उदासिनता को प्रदर्शित करता है।

अपीलार्थी द्वारा ऐसा कोइ तथ्य/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जो इनपर लेग आरोप को खंडित करता है, स्पष्ट है कि अपीलार्थी अपनी लापरवाही को छिपाने के लिए भ्रमित एवं बहानेवाजी की गयी है।

निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा निर्गत आदेश में कोई हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

अतः श्री सुधीर कुमार प्रसाद, (Emp. ID No.- AEN04584), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा द्वारा दायर अपील अभ्यावेदन अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/—
अपर मुख्य सचिव—सह—
अपीलीय प्राधिकार

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**E-Mail**

**ज्ञापांकः**— 03/भू0अ0नि0 (5) अपील—37/2023......1530......**पटना, दिनांक** :—21/03/2024

**प्रतिलिपिः**— श्री सुधीर कुमार प्रसाद, (Emp. ID No.- AEN04584), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा, Email ID- sudhirkprasad336@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांकः**—03/भू0अ0नि0 (5) अपील—37/2023......1530......**पटना,दिनांक** :—21/03/2024

**प्रतिलिपिः**— बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधेपुरा/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), मधेपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**—03/भू0अ0नि0 (5) अपील—37/2023......1530......**पटना,दिनांक** :—21/03/2024

**प्रतिलिपिः**— प्रशाखा पदाधिकारी, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**—03/भू0अ0नि0 (5) अपील—37/2023......1530......**पटना,दिनांक** :—21/03/2024

**प्रतिलिपिः**— निदेशक कोषांग, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**—03/भू0अ0नि0 (5) अपील—37/2023......1530......**पटना,दिनांक** :—21/03/2024

**प्रतिलिपिः**— अपर मुख्य सचिव—सह—अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**—03/भू0अ0नि0 (5) अपील—37/2023......1530......**पटना,दिनांक** :—21/03/2024

**प्रतिलिपिः**— श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/3/2024

**सहायक निदेशक**
भू—अभिलेख एवं परिमाप